हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 23 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

13 ख्याति ने शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया




14 रेडक्रास सोसायटी से जुड़कर जनहित में करें कार्य





# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर ज्योति, किरण शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

■ शिक्षक-शिक्षिकाओं को ज्ञानदीप पुरस्कार भी दिया

जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ के सभागार में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर शासकीय प्राथमिक शाला पचरी की शिक्षिका ज्योति साहू एवं शासकीय प्राथमिक शाला बरभाठा की शिक्षिका किरण भानू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने पर मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा दूत पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री पुन्नूलाल मोहले,पूर्व सांसद बिलासपुर लखन लाल साहू,भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष जालान,सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े, कलेक्टर धर्मेश साहू,जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी.पटेल ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार के तहत शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा जिले के तीनों विकास खण्डों से विभिन्न शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षादूत एवं ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस पर किया गया सम्मान



### इनका किया गया सम्मान

सारंगढ़ विकासखंड से शिक्षा दूत पुरस्कार राजीव नयन पटेल, लक्ष्मी बहादुर देवांगन, धनेश्वरी जायसवाल को दिया गया। बरमकेला से कृष्ण कुमार गुप्ता ,सरिता सिदार, कुसुम साहूको। इसी तरह बिलाईगढ़ विकासखंड से ज्योति साहू सहायक शिक्षिका शासकीय प्राथमिक शाला पचरी, किरण भानु सहायक शिक्षिका शासकीय प्राथमिक शाला बरभाठा ,दीपक कुमार पांडे को दिया। ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित हुए में सारंगढ़ से हेमंत साहू, मणि प्रभा तिवारी ,बिलाईगढ़ विकासखंड से कल्पना देवांगन शामिल है। यह सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यह सम्मान दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### केके बने जिला साहू संघ कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के महासचिव



**पलारी।** प्रदेश साहू संघ के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अधिकारी कर्मचारी साहू संघ प्रकोष्ठ के निर्देशन तथा जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू की अनुशंसा पर केके साहू को जिला महासचिव अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ बलौदाबाजार के पद पर नियुक्ति दी गई है। उनकी नियुक्ति से सामाजिकजन सहित अन्य में हर्ष व्याप्त है।

### पलारी साख समिति के नंद वर्मा बने प्राधिकृत अधिकारी



**पलारी।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पलारी के प्राधिकृत अधिकारी के पद पर नंद वर्मा को मनोनीत किया गया है। उन्होंने इस पद का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए किसानों के हितों की रक्षा करने सदैव तत्पर रहने की बात कही।

### डॉ. नायक बने छग मनवा कुर्मी समाज केंद्रीय संरक्षक



**सिमगा।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के नवनिर्वाचित केन्द्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप ने वर्तमान में डॉक्टर के. के. नायक को केन्द्रीय संरक्षक के पद पर नियुक्त किया है। उसके पहले भी डॉक्टर के. के. नायक राज प्रधान केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्याय कार्यवाहक अध्यक्ष रह चुके हैं। डॉक्टर नायक के केन्द्रीय संरक्षक बनने पर कुर्मी समाज में हर्ष व्याप्त है।

### कोरदा की किरण वर्मा बनी नर्सिंग आफिसर



**मुंडा।** गांव ग्राम कोरदा निवासी किरण वर्मा पिता उमेन्द्र वर्मा नर्सिंग ऑफिसर परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्हें बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में 22 नवम्बर को नर्सिंग ऑफिसर के पद पर पदस्थ किया गया। किरण वर्मा की प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1 से 8 तक की लवन के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। जिसके बाद बलौदाबाजार के आर.के.जी स्कूल में 12वीं तक पढ़ाई की। तत्पश्चात बी.एस.सी नर्सिग का कोर्स पूरा करने के बाद एक निजी संस्थान में कोचिंग कर रही थी। कोचिंग करते ही उसने बीएससी नर्सिंग की परीक्षा दी। जिसके बाद उनका चयन नर्सिंग आफिसर के लिए हो गया। किरण की सफलता पर ज्याति, दीपक, नोकेश, यंत्रणी, सिवाय, विक्रम, विजय, समीर, गगन, खुब वर्मा, चन्द्रमणी वर्मा, भरतलाल वर्मा, मंजू वर्मा मनोज वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पांच गांवों में आज डॉक्टर और एमएमयू टीम देगी स्वास्थ्य सेवा

**बिलाईगढ़।** नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जिला प्रशासन द्वारा डॉक्टर आपके द्वार डॉक्टर्स फॉर यू के माध्यम से जिले के नागरिकों के स्वास्थ्य जांच पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट एमएमयू वाहन से की जा रही है। 23 नवंबर को जिले के बरमकेला ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बिलाईगढ़, बिलाईगढ़ क्षेत्र में ग्राम कोदोपाली और पिरदा, सारंगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रीवापार और गोडीहारी में एमएमयू वाहन से स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। प्रत्येक एमएमयू वाहन में चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, फर्माशिष्ट, लैब टेक्नीशियन उपलब्ध रहेंगे। एमएमयू सभी सुविधाओं से लैस रहेगी, जिसमें लैब टेस्ट और उपचार की व्यवस्था होगी।

## कार्रवाई : कलेक्टर का सख्त तेवर से संचालकों में हड़कंप

# कस्टम मिलिंग में लापरवाही, दो राइस मिलर्स की 4 करोड़ 65 लाख रुपए की बैंक गारंटी राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ डीएमओ को आदेश, वसूली पूर्ण होने तक लंबित रखा जाए

कस्टम मिलिंग में लापरवाही बरतने के मामले में सख्ती दिखाते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के दो राईस मिलर्स की कुल 4 करोड़ 65 लाख 5 हजार रुपए की बैंक गारंटी को राजसात करने के आदेश दिया है। जिसमें आशीष अग्रवाल मेसर्स यश मॉर्डन फुड तिल्दा रोड सिमगा के 1 करोड़ 77 लाख 15 हजार रुपए एवं तुषार कुमार नायक मेसर्स आदित्य राईस इंडस्ट्रीज ग्राम कुशभाठा तहसील सोनाखान के 2 करोड़ 87 लाख 90 हजार रूपये की बैंक गारंटी शमिल है।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार आशीष अग्रवाल द्वारा कस्टम मिलिंग चावल जमा करने में रूचि नहीं ली जा रही है। फर्म के पास जांच के दौरान भौतिक सत्यापन में 7086 क्विंटल धान की कमी पायी गई है कम पाए गए धान के सम्बन्ध में राइस मिल संचालक के द्वारा समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस प्रकार फर्म से भौतिक सत्यापन में कम पाए गए कुल 7086 क्विंटल धान का मूल्य छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ बलौदाबाजार के अनुबंध के अनुसार 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 1,77,15,000 रुपये होता है जिसे खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 में कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ बलौदा–भाटापारा में उनके द्वारा जमा किये गये बैंक गारण्टी 1.5 करोड़ रुपये की राशि एवं पोस्ट डेटेड चेक की राशि 1 करोड़ रुपये कुल 2.5 करोड़ रूपये की राशि में से धान की एवज में अनावेदक फर्म यश मॉर्डन फुड प्रोडक्ट सिमगा संचालक आशीष अग्रवाल से तत्काल वसूली की कार्रवाई किये जाने हेतु आदेश पारित किया गया है। साथ ही अनावेदक को देय कस्टम मिलिंग राशि का भुगतान उक्त वसूली पूर्ण होने तक लंबित रखा रखने के आदेश कलेक्टर ने डीएमओ को दिए है।

इसी तरह मिल संचालक अनावेदक फर्म मेसर्स आदित्य राईस इंडस्ट्रीज ग्राम कुशभाठा तुषार कुमार नायक द्वारा कस्टम मिलिंग चावल जमा करने में रूचि नहीं ली जा रही है। प्रकरण विचाराधीन अवधि तक भारतीय खाद्य निगम में उठाये गये धान के विरूद्ध मात्र 19107.54 क्विंटल और नागरिक आपूर्ति निगम में मात्र 13332.8 क्विंटल चावल जमा किया गया है। फर्म मेसर्स आदित्य राइस इंडस्ट्रीज के पास शासकीय धान 16841.58 क्विंटल उपलब्ध होना चाहिए था। किन्तु फर्म के पास जाँच के दौरान भौतिक सत्यापन में 11516 क्विंटल धान की कमी पायी गई है।




### राइस मिल संचालकों में मचा हड़कंप मच

इस संबंध में राइस मिल संचालक के द्वारा समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस प्रकार फर्म के भौतिक सत्यापन में कम पाए गए कुल 11516 क्विंटल धान का मूल्य अनुबंध के अनुसार 2500 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 2 करोड़ 87 लाख 90 हजार रुपये होता है। जिसे खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 में कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ में जमा किये गये बैंक गारण्टी 4.85 करोड़ रुपये की राशि में से धान की एवज में अनावेदक फर्म के संचालक तुषार कुमार नायक से तत्काल राशि वसूली की कार्रवाई किये जाने हेतु आदेश पारित किया गया है। साथ ही अनावेदक को देय कस्टम मिलिंग राशि का भुगतान उक्त वसूली पूर्ण होने तक लंबित रखा रखने के आदेश कलेक्टर ने डीएमओ को दिया गया है। कलेक्टर के सख्त तेवर से राइस मिल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

■ चालक व एक अन्य को आई चोटें

कालेज के पास एक सड़क हादसे में गुरुवार को एक अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से मोटर साइकिल सवार एक की मौत हो गई है। दो अन्य घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तीन लोग एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर पलारी से बलौदाबाजार कि ओर जा रहे थे। तभी कालेज के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर से मोटरसाइकिल के पीछे बैठे धमनी निवासी रहस पटेल पिता मँगलू पटेल 50 की सिर पर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वाहन चालक खैरी निवासी नरेश घृतलहरे और धमनी निवासी डायमंड निषाद को भी मामूली चोटे आई हैं। पुलिस मामले की विवेचना मे जुट गई है।

# स्कूल में चोरी

**महासमुंद।** बेलसोंडा स्कूल में फरवरी से अक्टूबर माह के बीच चोरी की घटना की रिपोर्ट कोतवाली में लिखाई गई है। पुलिस को प्राचार्य शोभा सिंहदेव ने पुलिस को बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में 19 फरवरी 2024 को लोहे का एक नग खिड़की, एक नग दरवाजा, 10 सितंबर 2024 को 2 माइक्रोस्कोप,बोरवेल्स का 150 मीटर केबल, 15 अक्टूबर 2024 को 6 ट्रीगार्ड, 17 नवंबर को कबाड़ रखने वाले रूम का ताला टूटा पाया गया। अज्ञात चोर ने करीबन 30,000 रुपए के सामानों की चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ई) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# चाकू के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

■ खरोरा थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई

पुलिस को मुखबिर से गुरुवार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति काला रंग का शर्ट एवं नीला जींस पहने हुए तालाबपार मांठ तरफ संदिग्ध रूप से घूम रहा है। वरिष्ठ पुलिस अ धी क्ष क संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा दीपक कुमार पासवान के नेतृत्व में सूचना पर दल रवाना किया गया। मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचने पर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा ⏵⏵ शेष पेज 13 पर



# नशे में वाहन चलाने वाले चालकों पर कोर्ट ने लगाया 1.40 लाख का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर अभियान चलाकर कार्रवाई जारी

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अ भि या न चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन को जब्त करते हुए कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार, सिमगा एवं कसडोल में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 12 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। सभी 12 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई ⏵⏵ शेष पेज 13 पर



# धरनास्थल पर प्लेसमेंट कर्मियों से मिले पूर्व नपाध्यक्ष, दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ठेका पद्धति समाप्त करने, सीधे वेतन भुगतान सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को आज पूर्व नपाध्यक्ष व भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रकाश चंद्राकर ने अपना समर्थन दिया। उन्होंने प्लेसमेंट कर्मियों की हड़ताल को जायज ठहराते हुए उनकी मांगों पर नगरीय प्रशासन मंत्री से चर्चा कर सकारात्मक पहल की मांग करने की बात कही। चंद्राकर ने बताया कि लंबे समय से अल्प वेतन में निकाय कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते आ रहे हैं। पूरे प्रदेश के निकायों में मूलभूत सुविधाओं का सुचारू संचालन प्लेसमेंट कर्मचारियों पर निर्भर हैं।

ऐसे में विगत लंबे समय से इन कर्मियों द्वारा की जा रही मांग पर सकारात्मक पहल होनी चाहिए। चंद्राकर ने प्लेसमेंट कर्मचारियों को कहा कि कल कार्यालयीन समय पर मुख्य नगर पालिका से मुलाकात कर प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांग को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही पैदल कलेक्टोरेट आफिस पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराया जाएगा व नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात कर कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराकर शीघ्र मांगे पूर्ण करने की मांग की जाएगी। कर्मचारियों से मुलाकात के दौरान चंद्राकर के साथ भाजपा नेता राजेश चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू बाघमारे, भाजपा उपाध्यक्ष भाऊराम साहू आदि उपस्थित थे।

## महिलाओं की ओपीडी जांच के साथ प्रसव भी होने लगे

# भाटापारा सिविल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से स्वास्थ्य सुविधाओं का हुआ विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ स्वास्थ्य मंत्री तथा कलेक्टर की पहल पर मिली सुविधा

सिविल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना होने से महिलाओं को ओपीडी जांच होने लगी है। इसके साथ सामान्य व सि जे रि य न प्रसव भी होने लगें हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा कलेक्टर दीपक सोनी की पहल से जिले के सिविल अस्पताल भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु की नवीन पदस्थापना की गई है। जिससे क्षेत्र की जनता को सुविधा का लाभ मिलने लगी है। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की सिविल अस्पताल भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से महिलाओं की रूटीन ओपीडी जाँच के साथ–साथ सामान्य और सिजेरियन प्रसव होने लगा है।

इसके अलावा महिला नसबंदी और गर्भपात की भी सुविधा उपलब्ध हुई है। भाटापारा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी के अनुसार स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से अब तक 3 सिजेरियन प्रसव हो चुके है। 30 महिला नसबंदी तथा दो गर्भपात की सुविधा मरीजों को प्रदान की गई है। अस्पताल में सोनोग्राफी की भी सुविधा उपलब्ध है।




### गर्भाशय के इलाज करने में किया है फैलोशिप

भाटापारा के सिविल हॉस्पिटल में रायपुर मेडिकल कॉलेज से गोल्ड मेडलिस्ट स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ डॉ. ऋतु शिल्प वर्मा ने अपना कार्यभार ग्रहण किया है । डॉ. रितु शिल्प वर्मा ने दूरबीन पद्धति से गर्भाशय के इलाज करने में फैलोशिप किया है। साथ ही सोनोग्राफी एवं सीआईएमपी रजोनिवृत्ति के समय की समस्याओं एवं बांझपन की समस्याओं को दूर करने में भी विशेषज्ञता हासिल किया है। वर्तमान में डॉ. ऋतु इंडियन मेनोपॉज सोसायटी चौप्टर रायपुर की पदाधिकारी हैं। डॉ. ऋतु ने पूर्व में जिला चिकित्सालय दुर्ग में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### शिविर में 255 आवेदनों का निराकरण

**रायपुर।** अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुन्दरकेरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों को मिले आवेदनों में से 255 आवेदन तत्काल निराकरण किए गए। साथ ही छूटे हुए आवेदनों का निराकरण भी जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। इस शिविर में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण जल्द होगा। इससे हितग्राहियों को भी काफी राहत मिलेगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 से अधिक हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे।

### पुरंदर मिश्रा ने निर्माण कार्य के लिए किया भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने बुधवार को जोन-3 अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड नंबर-12 के गंगानगर क्षेत्र में लगभग 32 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड और सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद डा. प्रमोद साहू सहित जोन कमिश्नर सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### गोंड समाज का परिचय सम्मेलन 15 दिसंबर को



**रायपुर।** क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ गोंड समाज कल्याण समिति द्वारा टिकारपारा स्थित गोंडवाना भवन में 15 दिसंबर को विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विधवा, विधुर एवं परित्यक्ता भी इसमें शामिल हो सकेंगे। आदिवासियों के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक व धार्मिक संस्कृति संबंधी जागरूकता व विकास के उद्देश्य से आदिवासी गोंड समाज द्वारा अंतर्राज्यीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष जग्गू सिंह ठाकुर ने देते हुए बताया कि विवाहयोग्य युवक-युवतियों के पंजीयन के लिए 1 दिसंबर से प्रतिदिन 10 बजे से शाम 7 बजे तक टिकरापारा रायपुर स्थित गोंडवाना भवन में आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। सामाजिक एवं पत्रिका प्रकाशन के लिए सहयोग राशि प्रति आवेदन पंजीयन शुल्क 400 रुपए जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

### विधि विभाग के कर्मचारी उपेक्षा के शिकार

**रायपुर।** विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ एवं कर्मचारियों द्वारा दिए गए आवेदनों पर कोई कार्यवाही न होने से उपेक्षा के शिकार हैं। कर्मचारियों की बैठक में बताया गया कि मंत्रालय के समस्त विभाग सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन होने के कारण उनके कर्मचारियों की भर्ती, स्थायीकरण, पदोन्नति, सेवालाभ समय पर प्राप्त हो रहे हैं। वहीं विधि विभाग की स्थापना पृथक होने के कारण यहां के कर्मचारी उपेक्षा के शिकार हैं। बैठक के बाद समस्त कर्मचारी प्रमुख सचिव विधि से मिलकर समस्याओं के निराकरण के लिए चर्चा करना चाह रहे थे, किंतु प्रमुख सचिव द्वारा सभी कर्मचारियों के बजाय कुछ सदस्यों से चर्चा करने की इच्छा जाहिर किए जाने के कारण कर्मचारी बिना मिले लौट आए।

# धान खरीदी केंद्र पहुंचे मंत्री कश्यप, कहा-किसानों को समय पर मिले टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी केंद्रों में किसानों की परेशानियों को लेकर सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने केंद्री धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को टोकन को लेकर आ रही दिक्कतों को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि तुंहर ऐप के माध्यम से किसानों को टोकन तुरंत मिल जाता है।

अभी किसानों को ऐप के प्रचलन में नहीं आने के कारण परेशानी हो रही है। समितियों में किसानों के लिए मैनुअल टोकन लेने की सुविधा भी है। मंत्री ने धान बेचने आए किसानों से व्यवस्थाओं व सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। मंत्री द्वारा इलेक्ट्रॉनिक तौल, नमी मापक यंत्र एवं बायोमेट्रिक का निरीक्षण किया गया। समितियों में टोकन बनाने में आ रही दिक्कतों को लेकर हरिभूमि ने लगातार खबरें प्रकाशित की। मंत्री ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया है।

**90 हजार किसानों को 621 करोड़ का भुगतान**

*27.68 लाख पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा 2739 उपार्जन केंद्रों बनाए गए है। किसानों से 14 नवम्बर से अब तक चार दिन में 4.18 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हुई है। अब तक 90000 किसानों को 621 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। अब तक 20829 टोकन जारी किया गया है, जिसमें लगभग 1.02 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हेतु जारी किए गए। पैक्स समितियों द्वारा 10 हजार से अधिक रुपे क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया है एवं शेष सभी किसानों को रुपे कार्ड वितरण के लिए आगामी 3 माह में विशेष कैंप लगाने का निर्देश दिया गया।*



■ सहकारिता मंत्री ने मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

सहकारिता मंत्री ने मंत्रालय में अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक ली, जिसमें सहकारिता, मछली पालन, पशुपालन, वनोपज विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। धान खरीदी एवं केंद्रीय सहकारिता तथा राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाऐं सहकार से समृद्धि पर किए गए कार्यवाही की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के बाद मंत्री केदार कश्यप अधिकारियों को लेकर केंद्री उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वहां धान बेचने आए किसानों से व्यवस्थाओं व सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक तौल, नमी मापक यंत्र एवं बायोमेट्रिक का निरीक्षण किया। केंद्री उपार्जन केंद्र में आए किसान योगेश्वर, झालीराम, जगदीश, ओंकार साहू, रितेश द्वारा मंत्री के समक्ष माइक्रो एटीएम से राशि निकली गई। माइक्रो एटीएम की इस व्यवस्था से किसानों को काफी सुविधा मिली है। मंत्री ने केंद्री के किसान लक्ष्मीनाथ साहू, बिसहत, गोपेश्वर साहू को रुपे केसीसी कार्ड वितरित किया। केंद्री उपार्जन केंद्र में अब तक 166 किसानों से 6159 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसके लिए किसानों को 92.49 लाख का भुगतान किया गया। मंत्री ने अधिकारियों से कहा, खरीदी केंद्र से समय सीमा में धान का उठाव किया जावे तथा उठाव सतत रूप से किया जावे। उपार्जन केंद्रों में धान जमाव की स्थिति नहीं होना चाहिए।

### एनसीसीएफ पोर्टल में राज्य की सभी सोसाइटियों का पंजीयन

समीक्षा में सहकारी क्षेत्र में विश्व में सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 617 गोदाम का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। राज्य में 9 पैक्स सोसाइटियों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का संचालन किया जा चुका है। पैक्स के 1965 कामन सर्विस सेंटर पंजीकृत किया गया है। कामन सर्विस सेंटर द्वारा अब तक 1 करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन किया जा चुका है। मंत्री ने एनसीसीएफ पोर्टल में राज्य के सभी पैक्स का पंजीयन करने वाला राज्य बनने पर सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बधाई दी। पैक्स सोसाइटियों में किसानों द्वारा माइक्रो एटीएम की समितिवार ट्रांजेक्शन तथा ग्रेडिंग किए जाने का निर्देश दिया गया।

## सर्विस बुक में अपनी पत्नी की जगह दूसरी महिला के नाम का उल्लेख

# पटवारी एवं जेल प्रहरी को बर्खास्त करने राजस्व विभाग से अनुशंसा करेगा राज्य महिला आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अलग-अलग दो प्रकरण में दोषी पाए गए पटवारी और जेल प्रहरी को बर्खास्त करने के लिए जिला प्रशासन और जेल प्रशासन से अनुशंसा करेगा। इनमें एक प्रकरण में पामगढ़ का पटवारी विवाहित होते हुए भी सर्विस बुक में अपनी पत्नी की जगह दूसरी महिला के नाम का उल्लेख कर उसे पत्नी बताता था। इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में जेल प्रहरी भी बिना विवाह किए एक महिला का 12 वर्षों तक शारीरिक शोषण करता रहा। जब वह बच्चे की मां बनी तब जाकर विवाह किया। इस विवाह के बाद भी अब वह दूसरी महिला को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ विवाह करने की तैयारी में था। आयोग इन प्रकरणों में सुनवाई कर अब दोनों की सेवा समाप्त करने अनुशंसा करेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रायपुर कार्यालय में गुरुवार को आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई। इस सुनवाई में पामगढ़ के एक पटवारी के खिलाफ उसकी पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पति उससे तलाक लिए बिना दूसरी महिला को अपनी पत्नी बताता है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी हुए 20 वर्ष हो चुके हैं। इन वर्षों में उसके पति ने अपनी सर्विस बुक में उसका नाम दर्ज नहीं कराया है। उसका पति दूसरी महिला जो कोरबा में पटवारी पद पर पदस्थ है, को अपनी पत्नी बताता है तथा उसका नाम सर्विस बुक में होने की बात करता है। पीड़िता का कहना है कि दूसरी महिला के नाम पर एक बार वह पति से अलग होकर भी रहने लगी थी, लेकिन मामला कोर्ट में जाने के बाद उसने समझौता किया और उसे पुनः अपने घर वापस ले गया था, लेकिन इसके बाद भी अब तक उसने अपनी पत्नी का नाम सर्विस बुक में दर्ज नहीं कराया है। पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने दूसरी महिला से चोरी छिपे विवाह कर लिया है, लेकिन आयोग के समक्ष उसने इससे इनकार किया है। इस मामले में आयोग ने निर्णय लिया है कि पटवारी के विरुद्ध बर्खास्त करने संबंधित अनुशंसा राजस्व विभाग एवं जिला प्रशासन से करेगा।

### बच्ची के जन्म के बाद किया विवाह अब दूसरी महिला का चक्कर

आयोग में एक जेल प्रहरी के खिलाफ उसकी पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है। इसमें पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसका पति जो बिलासपुर जेल में प्रहरी है 12 साल तक बिना विवाह किए उसके साथ रहा। इस बीच उसने एक बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद उसने उसके साथ विवाह किया। बच्चे के जन्म के बाद अब उसका पति उसे तलाक दिए बिना किसी और महिला के साथ विवाह करना चाहता है। आयोग ने इस प्रकरण में भी जेल प्रहरी को बर्खास्त करने के लिए जेल प्रशासन और गृहमंत्री से अनुशंसा करने का निर्णय लिया है। साथ ही इस मामले में दूसरी महिला को सुधरने का मौका देते हुए दो माह के लिए नारी निकेतन भेजने के निर्देश दिए हैं।



### 12 साल साथ में रहा अब शादी से इंकार

एक अन्य प्रकरण में एक महिला ने एक शिक्षक के खिलाफ यौन शोषण करने की शिकायत की है। महिला ने आयोग को बताया कि शिक्षक 5 वर्ष से सरकारी पद पर कार्यरत है और पिछले 12 साल से उसके साथ रह रहा है। इस मामले में महिला ने जब शिक्षक से शादी करने के लिए कहा, तो उसने इनकार कर दिया। इस प्रकरण में आयोग के समक्ष शिक्षक ने स्वीकार भी किया है कि वह महिला के साथ रहता है, लेकिन वह अपने परिवार की सहमति बिना उसके साथ विवाह नहीं कर सकता। आयोग ने इस मामले में महिला से कहा कि चाहे तो वह शिक्षक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा सकती है या फिर मुआवजा के रूप में उससे 20 लाख रुपए ले सकती है। इस पर शिक्षक ने आयोग को प्रस्ताव दिया है कि वह दो माह के भीतर 20 लाख रुपए पीड़िता को देगा। इसके लिए आगामी सुनवाई में शिक्षक को 10 लाख रुपए नकद और 10 लाख रुपए का चेक लाने के लिए कहा गया है। मुआवजा राशि नहीं देने की स्थिति पर आयोग द्वारा शिक्षक को बर्खास्त करने शिक्षा विभाग को अनुशंसा की जाएगी।

## आज इंदौर व रीवा जाने नहीं मिलेगी सीधी ट्रेन

# शादियों के सीजन में ट्रेनें रद्द बढ़ी यात्रियों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ आज से शुरू होगा बिलासपुर रेल मंडल में तीसरी रेल लाइन से जोड़ने का कार्य, सप्ताहभर लगातार रहेगी विभिन्न रूट की ट्रेन

पटरियों का काम शादियों के सीजन में यात्रियों के लिए अब नई मुसीबत बन चुकी है। आज से बिलासपुर-कटनी सेक्शन के नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण रायपुर व बिलासपुर से होकर गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों का परिचालन रद्द होगा। ऐसे में यात्री सफर से पहले ट्रेनों की जांच पहले कर लें। कन्फर्म टिकट के लिए चार महीने पहले टिकट खरीदने का यात्रियों को फायदा नहीं मिलेगा। 24 से 30 नवंबर तक 24 ट्रेनों के रद्द होने से अब अब उस मार्ग में चलने वाली दूसरी ट्रेनों में वेटिंग 50 से 80 तक पहुंच गया है। ऐसे में कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल होता जा रहा है। ट्रेनों के रद्द होने के बाद रेलवे 7 से 10 लाख तक रिफंड जोन के यात्रियों को देगा। आज इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। रायपुर से सीधी ट्रेन नहीं होने से बड़ी संख्या में लोग बिलासपुर से इस ट्रेन में सफर करते हैं। इसके अलावा रीवा एक्सप्रेस भी 30 नवंबर तक नहीं चलेगी। ऐसे में मध्य प्रदेश जाने के लिए अब यात्रियों बस का सफर करना होगा।

*इधर समय खराब हो रहा : ट्रेनों के अत्यधिक विलंब होने से अब यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेन छूट रही है, जिसकी वजह से या तो बस में सफर करना पड़ रहा या फिर दूसरे दिन ट्रेन का इंतजार करने को मजबूर हैं। एक्सप्रेस से लेकर सुपरफास्ट ट्रेन अपने निर्धारित समय से घंटों विलंब से चल रही हैं। इस वजह से उन यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेन हर दिन छूट रही है। नागपुर, गोंदिया व राजनांदगांव और बिलासपुर समेत झारसुगुड़ा तक के यात्री बिहार और सिकंदराबाद और लखनऊ जाने के लिए रायपुर से कनेक्टिंग ट्रेन में सफर करते हैं। एक ट्रेन से उतरने के बाद दूसरी ट्रेन के लिए 3 से 4 घंटे का समय होने के बावजूद यात्रियों को कनेक्टिंग ट्रेन नहीं मिल रही। कनेक्टिंग ट्रेन छूटने पर रेलवे यात्रियों को रिफंड का पैसा तो लौटा रहा है, लेकिन यात्रियों का कीमती समय खराब हो रहा है। स्टेशन पर ही दिन बिताना पड़ रहा है।*

# तहसील में चुनाव से ठप कामकाज पेंडिंग प्रकरणों में 12 दिनों में बढ़ गए 100 से ज्यादा नए केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तहसील कार्यालय रायपुर में दक्षिण विधानसभा उपचुनाव से कामकाज ठप पड़ा हुआ है। चुनाव ड्यूटी में तहसीलदारों की ड्यूटी लगाए जाने के कारण तहसील कोर्ट में पेंडिंग प्रकरणों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

सूत्रों के अनुसार पिछले 12 दिनों में तहसील कार्यालय में 100 से ज्यादा नए केस आ चुके हैं। इनमें राजस्व संबंधी प्रकरणों के अलावा जाति, मूल निवास, आय प्रमाण पत्र से संबंधित भी हैं। ये केस भी पेंडिंग प्रकरणों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। इस तरह तहसील में पेंडिंग प्रकरणों की लिस्ट भी लंबी होते हुए 5 हजार के करीब पहुंच चुकी है।



### एसडीएम कोर्ट में 1087 प्रकरण लंबित

रायपुर तहसील के एसडीएम कोर्ट में ही 1087 प्रकरण लंबित है। इसके अलावा तहसीलदारों के कोर्ट में भी 150 से लेकर 400 प्रकरण लंबित है, जिनका निराकरण नहीं होने तथा पेशी की तारीख बार-बार आगे बढ़ाए जाने के कारण पक्षकारों को कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### मतदान के दो दिन पहले से कामकाज ठप

विधानसभा उपचुनाव के कारण मतदान के दिन के दो दिन पहले से ही तहसील कार्यालय में कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। चुनाव ड्यूटी में व्यस्तता के कारण तहसीलदारों ने मतदान के दो दिन पहले से ही कार्यालय में बैठना छोड़ दिया था। इसके कारण तहसील में पेंडिंग प्रकरणों के साथ नए प्रकरणों का भी निराकरण नहीं हो पा रहे थे। तहसील कोर्ट में राजस्व से संबंधित जितने केस पेंडिंग है, उन सभी पक्षकारों को पेशी की तारीख चुनाव खत्म होने के बाद की दी गई है। इस तरह अब मतगणना के बाद 25 नवंबर सोमवार से ही तहसील कार्यालय के कामकाज में तेजी आ पाएगी।

### भक्तों के उद्धार के लिए हुआ था भगवान राम का अवतरण : पांडेय



**रायपुर।** संतों और भक्तों को तारने के साथ ही किसी का पुत्र तो किसी का बेटा और किसी का पति तो किसी का भाई बनने के लिए और अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान विष्णु ने भगवान राम के रूप में अवतार लिया था।। जैसे की मनु और शतरूपा ने भगवान को बेटे के रूप में पाने की इच्छा जाहिर की थी तो उनकी इच्छा पूरी करने के लिए जब मनु और शतरूपा, राजा दशरथ और कौशल्या बनकर आए तो उनके यहां भगवान राम ने अवतार लिया और उनकी इच्छा पूरी की। इसी तरह अनेक ऋषि-मुनियों को तारने के लिए भगवान राम का अवतरण हुआ। ये बातें डूमरतराई में चल रही श्री रामकथा के चौथे दिन गुरुवार को दौरान आचार्य युवराज पांडेय महाराज ने कहीं। उन्होंने आगे बताया कि भगवान राम ने माता अहिल्या माता शबरी के उद्धार और खुद रावण के मन में भी इच्छा थी कि उनका उद्धार भगवान के हाथों से हो, इसलिए भगवान राम को मानव जन्म लेकर आना पड़ा। चौथे दिवस आचार्य श्रीयुत युवराज पांडेय ने भक्तों को भगवान की यह कथा बताई।

# चार साल से थानों के मालखाने में जमा शराब पर पुलिस ने बुलडोजर चलाकर किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ वर्ष 2020 से मार्च 2024 के अवधि में जब्त शराब का माना थाना में किया नष्टीकरण

शासन तथा पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पिछले चार साल से रेंज के अलग-अलग थानों में जमा शराब पर पुलिस ने बुलडोजर चलवाकर जमींदोज किया। शराब नष्टीकरण रायपुर एसएसपी डॉ. संतोष सिंह तथा अन्य पुलिस अफसर, प्रशासनिक तथा आबकारी अफसरों की निगरानी में की गई। जब्त शराब की कीमत करोड़ों में आंकी गई है। सबसे ज्यादा शराब रायपुर तथा बलौदाबाजार जिले की थी। सबसे कम शराब गरियाबंद जिले की थी।

पुलिस के अनुसार मादक पदार्थों की तस्करी तथा अवैध खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने शराब के साथ अन्य मादक पदार्थों की जब्ती होती रहती है। दो माह पूर्व थानों के मालखाना में जमा गांजा नष्ट करने की कार्रवाई के बाद शराब नष्ट करने का काम किया गया है। अलग-अलग थानों में जब्त शराब को पुलिस कर्मी ट्रक तथा अन्य वाहन में लेकर माना थाना पहुंचे। इसके बाद थाने के पीछे खाले मैदान में शराब की बोतल तथा शीशी को एक लाइन में बिछाया गया। इसके बाद शराब की बोतल तथा शीशी को बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया।



### 80 फीसदी से ज्यादा शराब रायपुर, बलौदाबाजार की

पुलिस ने बुलडोजर चलाकर जिन शराब की बोतल तथा शीशी को नष्ट किया है, उनमें से 80 फीसदी से ज्यादा शराब रायपुर तथा बलौदाबार जिले से जब्त की गई शराब को नष्ट किया है। सबसे कम शराब गरियाबंद जिले का रही है। गरियाबंद जिले से जब्त 434 लीटर शराब को नष्ट किया गया है।

### इन जिलों से इतनी शराब का नष्टीकरण

- रायपुर - 1638 प्रकरण में 33,734 लीटर शराब का नष्टीकरण
- महासमुंद - 786 प्रकरण में 12,117 लीटर शराब का नष्टीकरण
- धमतरी - 56 प्रकरण में 1,516 लीटर शराब का नष्टीकरण
- गरियाबंद - 101 प्रकरण में 434 लीटर शराब का नष्टीकरण
- बलौदाबाजार - 1934 प्रकरण में 33,163 लीटर शराब का नष्टीकरण

# सुशासन के लिए जनभागीदारी जरूरी इससे मिलेगा चुनौतियों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत एवं छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में 'गुड गवर्नेंस' पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा, सुशासन के लिए जनभागीदारी जरूरी है। इसके जरिए कठिन से कठिन चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है।

गुड गवर्नेंस की बेस्ट प्रेक्टिसेस, नागरिक सशक्तिकरण, शासन-प्रशासन के कामकाज और नागरिक सेवाओं की आम जनता तक पहुंच को आसान बनाने के लिए विभिन्न ई-प्लेटफार्म के उपयोग आदि से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए 150 प्रतिनिधि सहित छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के पहले दिन के दूसरे सत्र में 'जिला प्रशासन में महिला नेतृत्व' विषय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने की। सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की कलेक्टर मोनिका रानी एवं लखीमपुरी-खीरी की कलेक्टर दुर्गा शक्ति नागपाल और धमतरी जिले की कलेक्टर नम्रता गांधी ने सत्र को सम्बोधित किया। कलेक्टर मोनिका रानी ने सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा, हमें फील्ड में जाकर जनता से मिलकर शासकीय सेवाओं की सहजता से आम जनता तक पहुंच सुनिश्चित करना चाहिए। कलेक्टर दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा, स्वस्थ समाज के निर्माण महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि वे मल्टीटास्कर, प्राकृतिक रूप से देखभाल करने वाली और संवेदनशील होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में महिलाओं का समूह केले की खेती और सह-उत्पाद निर्माण और ई-कॉमर्स से अपने उत्पाद का विक्रय कर रहा है। महिला समूहों के इस कार्य की प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है।



■ 0गुड गवर्नेंस की रीजनल कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न राज्यों के 150 प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा

# नकाबपोश बदमाशों ने युवक के गले पर चाकू अड़ाकर 31 हजार रुपए लूट लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ गुरुवार दोपहर तीन बजे के करीब पंडरी स्थित धान मंडी के पास की घटना

■ बदमाशों की पतासाजी में जुटी पुलिस

लगातार सख्ती के बाद भी बदमाशों के मन में पुलिस के प्रति खौफ कम होता जा रहा है। बदमाश आए दिन गंभीर किस्म की आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। गुरुवार दोपहर तीन बजे स्कूटर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने एक युवक के गले पर चाकू अड़ाकर जेब में रखे नकदी 31 हजार रुपए तथा एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर बदमाशों के बारे में पतासाजी करने की बात कह रही है। पुलिस के मुताबिक दलदलसिवनी निवासी मानिक तलरेजा ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। मानिक ने पुलिस को बताया है कि वह दोपहर तीन बजे अपने पिताजी को नहर पारा स्थित दुकान में खाना देने जा रहा था। इस दौरान कांपा बस्ती के आगे धान मंडी जाने के मार्ग पर जूपिटर सवार दो बदमाशों ने उसकी दोपहिया को जबरदस्ती रुकवाया। इसके बाद एक बदमाश ने उसके गले पर चाकू टिकाया और दूसरे बदमाश ने उसकी जेब में रखी नकदी रकम के साथ मोबाइल लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद वे मौके से फरार हो गए। बदमाश सिल्वर कलर की जूपिटर पर सवार थे।



## खबर संक्षेप

### 15 चिकित्सा अधिकारियों विशेषज्ञों का तबादला

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर चिकित्सा अधिकारियों तथा विशेषज्ञों का तबादला किया गया है। इस संदर्भ में 21 नवंबर को आदेश जारी किया गया है। प्रशासकीय आधार पर इन्हें स्थानांतरित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, डॉ. सुरेश तिवारी को प्रभारी संयुक्त संचालक बिलासपुर, डॉ. अशोक वर्मा को बलौदाबाजार में प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का पद दिया गया है। इसी तरह से डॉ. देवेंद्र को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में जिम्मेदारी सौंपी गई है। अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश यादव को जिला चिकित्सालय दुर्ग भेजा गया है।

### स्कूल के सामने अवैध निर्माण रोकने की मांग

**रायपुर।** सरोना स्थित नवीन स्कूल के सामने रोड की जमीन पर अवैध निर्माण को तत्काल रोकने की मांग जनसेवक डॉ. पुरुषोत्तम कुमार की है। स्कूल के पास मंदिर निर्माण होने से वहां रोड छोटी पड़ जाएगी। वहां लाउडस्पीकर की आवाज से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी होगी एवं लोगों की भीड़ बढ़ जाएगी। भीड़ की वजह से ऐक्सीडेंट होने का खतरा बढ़ जायेगा। लोगों को आर्थिक और शारीरिक रूप से नुकसान होगा। रोड की जमीन पर अवैध रूप से मंदिर निर्माण के बजाय किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर निर्माण किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का दिशा निर्देश है, कोई भी धर्म का धार्मिक मंदिर अन्य कोई भी भवन अवैध रूप से रोड की जमीन पर न किया जाये। जोन कमिश्नर अवैध निर्माण को तत्काल रोकें और इस पर ध्यान दें।

### मेघ भवन में योगाभ्यास शिविर का आयोजन



**महासमुंद।** शहर के गांधी चौक स्थित मेघ भवन में 4 अगस्त से नियमित योग अभ्यास शिविर से शहरवासी लाभान्वित हो रहे हैं। यह योगाभ्यास विवेक वर्धमान ग्रुप की ओर से संचालित हो रहा है। योग शिविर में योगाचार्य दीपक वैष्णव द्वारा अनेक प्रकार के योग अभ्यास कराया जा रहा है। जिसमें शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए जा रहे हैं। योग सहित विभिन्न प्रकार के आसान जो शरीर को स्वस्थ बनाने में सहायक है, जैसे मंडूकासन, मर्कटासन, गौमुखासन, धनुरासन एवं इस योग शिविर में योग प्राणायाम, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम भ्रामरी जैसे सभी प्राणायाम का अभ्यास इस योग शिविर में नियमित रूप से कराया जा रहा है। जिसमें पुरुष एवं महिलाएं सहित सभी वर्ग के लोग इस योग शिविर का लाभ ले रहे हैं।

## बैठक : जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा

# डाटा एंट्री कार्य करने वाली 5 एजेंसियां नहीं पहुंची, टेंडर किया जाएगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को समीक्षा की। उन्होंने विकासखंडवार हर घर जल के कार्य पूर्णता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण करने वाले ठेकेदारों को 30 दिसम्बर तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तय समय पर काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों के बिल का भुगतान रोकने अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर,एसडीओ, सब इंजीनियर एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

कलेक्टर ने डाटा एंट्री कार्य में सहयोग करने वाले 5 एजेंसियों को बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण उनका टेंडर निरस्त करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य में डाटा एंट्री का कार्य महत्वपूर्ण है। शुद्धतापूर्ण डाटा एंट्री भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा हर घर जल का कार्य 31 मार्च 2025 तक शतप्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ठेकेदार कोई भी कार्य ज्यादा समय तक लंबित न रखें। जिन्होने 50 प्रतिशत से कम काम कराया है वे शतप्रतिशत पूरा कराएं। जल जीवन मिशन के कार्य में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शिकायत मिलने पर सम्बंधित ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। डीपीआर में जो भी कार्य एवं मशीनरी का प्रावधान है सभी पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने सड़क खोदने के बाद पहले अस्थाई रूप से रोड ठीक करें एवं वाटर टेस्टिंग काम पूरा हो जाने पर रोड को स्थायी रूप से ठीक करें। कहीं भी सड़क खोद कर नहीं छोड़ना है। वाटर टेस्टिंग के लिए स्थानीय लोगों से मिस्त्री का काम काम कराएं जिससे पानी सप्लाई के काम में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### पाइप काटकर पानी लेने वालों पर करें कार्रवाई



### अब तक 323 गांव में हर घर जल पहुंचा

बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के 736 गांव में हर घर जल पहुँचाना है। अब तक 323 गांव में हर घर जल पहुंच चुका है जिसमें विकासखंड बलौदाबाजार के 79 गांव, भाटापारा के 39 गांव, पलारी के 87 गांव, कसडोल के 62 गांव एवं विकासखंड सिमगा के 56 गांव शामिल हैं।

### दूषित जलस्त्रोतों को रोकें

कलेक्टर श्री सोनी ने दूषित जल से फैलने वाली बीमारियों को गंभीरता से लेते हुए दूषित जल स्रोत को रोकने तथा लोगों को सचेत करने प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर तीन महीन में वाटर टेस्टिंग कराएं और जहाँ पानी दूषित हो तत्काल लोगों को सूचित करें। इसके लिए मानक कार्यप्रणाली तैयार करें। उन्होंने गांव में कोई भी पाइप काटकर पानी का उपयोग करता है उस पर कार्रवाई भी करें।

# सब इंसपेक्टर बने भूपेश सहित सीएम से सम्मानित होने वालों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम कोसमंदा में ग्रामवासियों द्वारा सब इस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में चयनित भूपेश वर्मा तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथो आरक्षक ललीत वर्मा एवं स्वयंसेवक आकाश कुमार कन्नौजे सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की है। वर्तमान समय में भूपेश वर्मा धमतरी जिले में आरक्षक के रूप में पदस्थ है। इस अवसर पर बिसौहाराम गायकवाड, भारतलाल वर्मा, लक्की कनौजे, गिरवर वर्मा, प्यारी बाई कन्नौजे, दुर्गा प्रसाद कन्नौजे, संतोष वर्मा, मुखीराम वर्मा, थूकेल धुरव,भगत राम कन्नौजे, नोकेश कन्नौजे, संतोष कन्नौजे, भूपेंद्र बंजारे, मायाराम कन्नौजे, बंसी पटेल, रोहित कन्नौजे, राजेश कन्नौजे, मधुसूदन वर्मा, डगेश्वर कन्नौजे सहित ग्रामीण युवा साथी उपस्थित थे।

### गौवंशों में लंपी वायरस को लेकर सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। विश्व हिंदू परिषद महासमुंद द्वारा गौवंश में लंपी वायरस को लेकर पशु चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि गौवंश में लंपी वायरस का कहर सन 2019 से लगातार जारी है। लंपी वायरस एक गौवंश से दूसरे गौवंश में फैलता है और गौवंश के शरीर में दाने के समान घाव होने लगता है। गौवंश के आंखों से पानी टपकता है और पशुओं को भूख लगान बंद हो जाता है। गौवंश की वजन धीरे-धीरे कम हो जाती है जिससे गौवंश की मृत्यु हो जाती है। वर्तमान में जिले में हजारों गौवंश की मृत्यु लंपी वायरस से हो चुकी है। हजारों की संख्या में गौवंश लंपी वायरस के चपेट में है। शहर के आसपास प्रतिदिन कहीं ना कहीं गौ वंश की मृत्यु हो रही है। लेकिन, जिला पशु चिकित्सा विभाग की तरफ से किसी भी प्रकार की आवश्यक कदम नहीं उठाया गया है ना ही मवेशियों को लंबी वायरस का वैक्सीन लगाया जा रहा है। जबकि, लंपी वायरस का वैक्सीन का अभियान चलाकर लगाने की आवश्यकता है,

## ख्याति ने शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**बिलाईगढ़।** रायगढ़ में आयोजित आल इंडिया डांस म्यूजिक आर्ट काम्पिटिशन एंड डांस फेस्टिवल मधुगुंजन श्रृंगार में ख्याति कुमार मिरी ने सीनियर कैटिगरी के गायन एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ख्याति को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना वासंती वैष्णव, श्री वैष्वण संगीत महाविद्यालय के डायरेक्टर शरद वैष्णव, अजित कुमार स्वैन तथा पंडित सुनील वैष्णव द्वारा प्रदान किया गया। ख्याति को चक्रधर संगीत महाविद्यालय रायगढ़ के गुरु वेदमणि सिंह ठाकुर, गुरुमाता चंद्रा देवांगन और गुरु देवलाल देवांगन का मार्गदर्शन मिला है। ख्याति की इस सफलता पर परिजनों एवं गुरुजनों ने शुभकामनाएं दी है।

### पचरी सहकारी समिति के अध्यक्ष ने संभाला पदभार

**पटेवा।** सहकारी समिति पचरी के प्राधिकृत अध्यक्ष टीकाराम पटेल ने कार्यभार संभाला। समिति के प्रभारी डोलनारायण पटेल ने पुष्प एवं गुलाल से स्वागत किया। बाद पटेल ने सोसायटी में धान बेचने वाले सभी किसानों का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी किसानों को कोई भी समस्या नहीं होगी। सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा सभी को उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान पचरी सोसायटी प्रभारी डोलनारायण पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, भाजपा नेता सुनील पटेल, मनोहर साहू, रविशंकर पैकरा, राजेश्वर ध्रुव, गजानंद कांशीराम ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों को कराया गया न्योता भोज, हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

ग्राम ग्वाली शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्वाली में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्योता भोज एवं शैक्षिक गुणवत्ता सुधार हेतु पालक–शिक्षक मेगा बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ ग्वाली स्कूल में पालक–शिक्षक मेगा बैठक

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजन संकुल प्राचार्य अभय कुमार पाण्डेय एवं शैक्षिक समन्वयक बुधेश्वर कुमार कश्यप द्वारा की गई। ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच,शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पालक एवं उपस्थित सभी शिक्षकों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर बाल केबिनेट द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा संकुल स्तरीय शैक्षिक उद्देश्यों को पूर्ण करती एवं बच्चों और शिक्षकों की अभिव्यक्ति क्षमता को स्थान देने के लिए उड़ान पत्रिका को अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। जिसके पश्चात सभी को न्योता भोज के लिए आमंत्रित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अरूण कुमार देवांगन, पूनम खटकर, सरिता गुप्ता ,रजनी टण्डन, गंगा पटेल, रूपेश कुमार साहू, कमलेश्वर चंद्रा, कृष्ण लाल चंद्रा, धीरेंद्र सिंह राजपूत, कुशल जाटवर ,लोचन देवांगन, व्यासनारायण कश्यप, किशोर बर्मन, रविशंकर खटकर, सेतराम दिवाकर , कमलकिशोर देवांगन सहित ग्राम पंचायत एवं पालकगण उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों के लिए सहारा बनी संस्था महिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वयस्क हो चुके दिव्यांग बालिकाओं के लिए "घरौंदा" का पुनः संचालन मंगलवार से शुरु हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए महिमा शक्ति वेलफेयर फाउंडेशन की संचालक एवम् मानव अधिकार की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. महिमा सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में यहां पर 4 दिव्यांग बालिकाएं हैं। पूर्व में जिस संस्था द्वारा घरौंदा का संचालन किया जा रहा था। उनके द्वारा अचानक इसे संचालित करने से मना किए जाने के बाद तत्काल उनकी संस्था अग्रणी तौर पर सामने आई और इन दिव्यांगजनों के लालन-पालन और शिक्षा-दीक्षा की जवाबदारी लेते हुए इस कार्य में जुट गई है। ओर तुरंत ही घरौंदा एक दिव्यांग बच्चों का घर निशुल्क ओपन किया गया। साथ ही पूर्व संस्था में कार्यरत स्टाफ के बेरोजगारी के भय को दूर करते हुए पुनः कार्य में शामिल किया। संस्था के संचालन की जानकारी भी विभागीय अफसरों को दे दी गई है।

## पेज 11 के शेष

### चाकू के साथ ...

जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम विमल यादव पिता दउवा यादव उम्र 35 साल साकिन ग्राम मांठ थाना खरोरा जिला रायपुर का रहने वाला बताया। उसके कब्जे से एक लोहे का धारदार पुरानी इस्तेमाली चाकू मिला। चाकू रखने के सबंध में नोटिस दिया गया, पर जवाब नहीं मिला। आरोपी को धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### नशे में वाहन...

करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शुक्रवार को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 8 प्रकरण में वाहन चालकों को 10–10 हजार रुपए एवं 4 वाहन चालक को 15–15 हजार रपुए अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार पुलिस की संपूर्ण कार्रवाई में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों को कुल 1,40,000 रुपए का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON Hearing Aids Available
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन ❖ विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया ❖ अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान "ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है" "जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/-
फोन से परामर्श केवल ₹251/-
पं. एस.के. शास्त्री जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण
"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"
बुकिंग के लिए संपर्क करें 7470674060
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
-: संपर्क सूत्र :-
पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567

## आंदोलन का चौथा दिन : प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल का असर

# प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, नगर में सफाई सहित अन्य कार्य हुए बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



नगर पंचायत में कार्य करने वाले नगरीय निकाय के कर्मचारी अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले 19 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इनके हड़ताल पर चले जाने से नगर पंचायत में होने वाले मूलभूत कार्यों में अब नगरवासियों को असुविधा हो रही है। नगर में 3 दिनों से सफाई नहीं हुई, चारों तरफ गंदगी फैलते जा रही है।

हड़ताल में बैठे टिकेश्वर वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अंतर्गत कुल 184 नगरीय निकायों नगर निगम 14, नगर पालिका 50 व नगर पंचायत 120 में विगत 15-20 वर्षो से कार्यरत लगभंग 20,000 प्लेसमेंट/आउटसोर्सिंग/ ठेका कर्मचारियों का छ.ग. स्तर का महासगंठन है। महासंघ की मांग है कि नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग जल संसाधन, पीडब्लूडी, पीएचई व वन विभाग आदि की तर्ज पर नगर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किया जाए। साथ ही प्लेसमेंट प्रथा बन्द की जाए। इसकी मांग महासंघ द्वारा विगत वर्षों से की जा रही है, लेकिन शासन-प्रशासन हमारी मांगों पर गंभीरता से कोई आवश्यक कार्रवाई नहीं की। निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों से सीधे वेतन भुगतान 4000 श्रम सम्मान राशि सहित) किये जाने प्र शासन को किसी भी प्रकार अतिरिक्त व्यय का वहन नहीं करना पड़ेगा। उसके बावजूद शासन हमारी मांगों को पूर्ण नही कर रही है। शासन-प्रशासन द्वारा आज तक हमारी मांगों पर आवश्यक कार्रवाई नहीं होने के कारण महासंघ द्वारा कार्यकारिणी की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार जिला स्तर पर 19 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। हड़ताल अवधि में नगरीय निकायों में मूलभूत सुविधाः सफाई कार्य, जल कार्य, विद्युत कार्य, सरकार के योजना-परियोजना कार्य, कार्यालयीन कार्य लोक सेवा कार्य सब बंद हैं। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगीं।

### नगर पंचायत खरोरा के प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल जारी



**खरोरा।** नगर पंचायत के प्लेसमेंटकर्मी तीन सूत्रीय मांग को लेकर काम बंद कर धरना–प्रदर्शन पर बैठे प्लेसमेंट कर्मी के आंदोलन में चले जाने के चलते नगर पंचायत के काम होगी प्रभावित। खरोरा नगर पंचायत कर्मी अपने तीन सूत्रीय मांग को लेकर काम बंद कर धरना–प्रदर्शन पर चले गये हैं। प्लेसमेंट कर्मी का पहली मांग है कि उनका वेतन सीधे खाते मे डाला जाए। दूसरी मांग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गठित बारिक समिति में महासंघ पदाधिकारी को सदस्य के रूप मे शामिल किया जाए। इसके अलावा तीसरी मांग है कि लगातार 10 से 15 वर्ष से कार्यरत कर्मचारियों का निकायों में समायोजन किया जाए। इस दौरान नगरपंचायत खरोरा के प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी मांगों को शासन तक पहुंचाने नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर को मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी यशवंत वर्मा,किशोर नशीने,,धर्मेंद यादव ,सुभाष बांधे, कविता नशीने, अमलानी उपस्थित थे।

### सफाई, जलापूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रभावित




लवन । छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों में कार्यरत हजारों प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल का असर लवन नगर पंचायत में साफ दिखाई दे रहा है। सफाई, जल आपूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रभावित हुई हैं। कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि उन्हें ठेका प्रथा से मुक्त किया जाए और सीधे नगर निगमों से वेतन दिया जाए। इसके साथ ही, वे श्रम सम्मान राशि और नियमितीकरण की मांग भी कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे कई सालों से अस्थायी तौर पर काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें स्थायी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिलती हैं। इस हड़ताल के बावजूद, राज्य सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कर्मचारियों ने बताया कि भाजपा सरकार ने 100 दिनों में स्थाई करने की बात कही थी, लेकिन 9 माह बीत गया अभी तक राज्य सरकार की ओर से कोई सहमति दिखाई नही दे रही है। हड़ताल के चौथे दिवस वीरू लोधी, घनश्याम रत्नाकर,पहरू नारेंगे,कमल साहू,राजेश वर्मा,नारायण निर्मलकर,धनेश्वर काशी,पाण्डेय डोंगरे,जीवन बंजारे ,अजित नारायण यदु, बाउवा ढीमर, पीलाराम साहू,केशव महानद,महेंद्र लोधी,द्वीपेश बार्वे एवं समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बैग को छीनकर भागा अज्ञात आरोपी

**महासमुंद।** माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के बैग को छीन कर अज्ञात आरोपी भाग निकला। मामला खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोकनाझर का है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि समस्ता माइक्रो फाइनेंस कंपनी बागबाहरा में कार्यरत गंगाधर जोशी ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह कंपनी के लोन का पैसा ग्राहकों से एकत्रित करने ग्राम रोडा, आमाकोनी, ठोंगा, धौंराभांठा के बाद ग्राम कोकनाझर पहुंचा था, जहां जामबाई यादव के घर पैसा कलेक्ट कर कंपनी के दिए मोबाइल में एंट्री कर रसीद काट रहा था। उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति अपने पल्सर मोटर सायकल खड़ा कर अपने चेहरे को ढंक कर घर के अंदर आया और कंधे में रखे बैग को छीनकर ले गया। बैग में 53460, मोबाइल फोन, मंत्रा डिवाइस थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सशक्त और विकसित पंचायत के लिए बैठक

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अरंड में ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसिलिटेशन टीम (जीपीपीएफटी) के माध्यम से पंचायत को सशक्त और विकसित बनाने के उद्देश्य से पिरामल फाउंडेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत समिति के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए स्कूल मैनेजमेंट कमिटी (एसएमसी) और बिल्डिंग ऐज़ लर्निंग ऐड (बाला) जैसे शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर चर्चा करना था। इस दिशा में गांव के विकास के लिए एक समर्पित टीम गठित कर विभिन्न गतिविधियां संचालित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरपंच पार्वती तांडे ने कहा कि बच्चों का विकास ही गांव का विकास है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए पंचायत राज संस्थान (पीआरआई), स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, युवा और स्थानीय नेतृत्व मिलकर काम करेंगे।

### पटेवा सहकारी समिति की अध्यक्ष बनीं रामेश्वरी

**पटेवा।** सहकारी समिति पटेवा के अध्यक्ष रामेश्वरी पैकरा ने कार्यभार संभाला। समिति के प्रभारी शंकर गजेंद्र ने पुष्प एवं गुलाल से स्वागत किया। उसके बाद श्रीमति पैकरा ने सोसायटी में धान बेचने वाले सभी किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी किसानों को कोई भी समस्या नहीं होगी। सरकार के सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा।

## निधन

### परमानन्द वर्मा

**बंगोली।** ग्राम कुर्रा निवासी



परमानन्द वर्मा उम्र 52 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्रामवासी शामिल हुए। वे तेजेश्वरी वर्मा के पति, कु.संजना, विवेक वर्मा के पिता एवं सतीश वर्मा,हरिश वर्मा के भाई तथा बल्लू वर्मा के चाचा थे।

# रेडक्रास सोसायटी से जुड़कर जनहित में करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ




भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की प्रबंध समिति के गठन हेतु जिला शाखा के सामान्य सभा परियोजना निदेशक कार्यालय सारंगढ़ में आयोजित किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सभी संरक्षक, वाइस संरक्षक और सदस्यगण इस बैठक में बड़ी संख्या में शामिल हुए। कलेक्टर धर्मेश साहू ने इस अवसर पर कहा कि आपदा के समय राहत कार्य का संचालन इस संस्था के माध्यम से किया जाता है। कई देशों और स्थानों में रेडक्रास समिति ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होने नागरिकों, कॉलेज और स्कूली छात्र–छात्राओं सहित सभी वर्गों से अपील किया है कि, अपने स्तर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य बनें। इस लोक कल्याणकारी संस्था में शामिल होकर जनहित में कार्य करें।

**बैठक में ये हुए शामिलः** इस अवसर पर अब्बास अली, हरिशंकर चौहान, मीना अग्रवाल, अरुण गुड्डू यादव, महेंद्र अग्रवाल, मोहन नायक, नंदकिशोर अग्रवाल, दीपक थवाईत, जे एन शुक्ला, संतोष अग्रवाल, रतन शर्मा, प्रखर चंद्राकर, कैजार हुसैन गोविंद बरेठा आदि सदस्य शामिल हुए।

# धान खरीदी में सरकार की गारंटी फेलः विधायक इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



- दामाखेड़ा एवं ग्राम तुलसी के धान खरीदी केंद्र का विधायक ने किया निरीक्षण

भाटापारा विधायक इंद्र साव ने शुक्रवार को दामाखेड़ा एवं ग्राम तुलसी के धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। हमालों द्वारा किसानों से सूखत के नाम पर 200 से 300 ग्राम ज्यादा धान तौलने की शिकायत पर विधायक साव ने प्रबंधकों को ज्यादा धान नहीं तौलने के निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि क्षेत्र के लगभग सभी खरीदी केन्द्रों में अधिक धान तौलने की शिकायतें आ रही थी जिसके लिए हमने आज धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया और शिकायतें सही भी पाई गई। जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों से भी बात की। विधायक श्री साव ने कहा कि किसानों के द्वारा टोकन नहीं मिलने की शिकायत गई तो कहीं पर किसानों ने पूर्व से कम धान खरीदने की बात बताई। कहीं कहीं पर तो किसी का रकबा ही शून्य दिख रहा है।

इस प्रकार की समस्याओं के लिए अनुविभागीय अधिकारी को निर्देशित किया है। साथ ही प्रबंधकों से जानकारी मांगने पर पीडीएस बोरी की कमी की बात भी सामने आई तथा किसानों से अपने बोरे पर धान खरीदी करने की बात बताई जा रही है। विधायक साव ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सभी संग्रहण केंद्रों के बाहर सरकार द्वारा एक मुश्त 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी का विज्ञापन लगाकर प्रचार किया जा रहा है। वहीं किसानों को 2300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से राशि का भुगतान हो रहा है। चुनाव के समय मोदी की गारंटीष का नारा दिया गया था। धान खरीदी में सरकार की गारंटी फेल है। सरकार की कथनी तथा करनी में अंतर साफ दिख रहा है उक्त मौके पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, जनपद सभापति गंगा प्रसाद ओगरे ,पार्षद दशरथ चंद्राकर ,दिनेश साहू ,गणित वर्मा भीष्म साहू आदि भी उपस्थित थे।

# नवनिर्वाचित समिति अध्यक्षों ने पूर्व विस अध्यक्ष से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

भाजपा सरकार बनने के बाद सहकारी समितियों में अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। शुक्रवार को निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में कसडोल विधानसभा क्षेत्र के कसडोल मंडल से मंडल अध्यक्ष मेला राम साहू, भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती श्यामबाई साहू, जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, कसडोल मंडल उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, कसडोल मंडल महामंत्री रामचंद्र ध्रुव, अनिल श्रीवास, राजेश थवाईत , लक्ष्मीनारायण साहू, दिलहरण साहू, कृष्ण कुमार वर्मा, गणेश साहू एवं सेवा सहकारी समितियों के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारीगण कृष्ण कुमार पटेल, संतोष कश्यप, उभेराम चौहान, संतोष श्रीवास, नंदकुमार धीवर, बंशीलाल डडसेना, देवनारायण जायसवाल, शत्रुघ्न पैकरा, राम कृपाल साहू ,समारू कैवरत्य, राम कुमार साहू ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल से सौजन्य भेंट की।

# बम्हनी चरौदा में वटगन कालेज का सात दिवसीय शिविर कल से

**भवानीपुर।** ग्राम पंचायत बम्हनी चरौदा में 24 से 30 नवंबर तक नवीन महाविद्यालय वटगन का सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। सात दिवसीय विशेष शिविर में गांव के लोगों को स्वच्छता संबंधित जागरुकता, बेटी बचाव बेटी पढ़ाव, शिक्षा संबंधी जानकारी एवं नशामुक्ति अभियान के बारे में लोगों को संदेश देंगे। गांव के लोगों को जागरूक करेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी नवीन महाविद्यालय वटगन के प्राचार्य चन्द्रकांत जलहरे एवं पूर्व स्वयंसेवक रोहित साहू टुकेश साहू कुनाल सेन ने दी। शिविर के प्रभारी वटगन कालेज के प्रोफेसर प्रकाश जोशी और सह प्रभारी उमेश श्रीवास रहेंगे।

### घास जमीन बेची, चार के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**महासमुंद।** शासकीय घास जमीन बेचने के मामले में बसना पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि रामचंद्र अग्रवाल निवासी बसना ने रिपोर्ट लिखाई है कि सांई बिहार कालोनी पहनं 34 उप वृत्त/तह.- बसना स्थित भूमि ख.नं.-328/1 (ख), 328/1 (घ), 328/1(क), 328/1 (ड), 328/3 रकबा कल 3477 वर्गफुट भूमि को लगानी व स्वयं की भूमि बताकर गजेंद्र साहू पिता चमरूलाल साहू, प्रमोद कुमार पिता बनारसी लाल, दिव्य प्रकाश वल्द शिवप्रसाद, ज्योतिष साहू पिता डिग्रीलाल सभी निवासी बसना द्वारा कुल 2,81000 रुपए में विक्रय किया गया जिसे 21.03.2011 को उप पंजीयक कार्यालय सरायपाली में श्री नरसिंह शिक्षा समिति बसना के नाम से पंजीयन कराया गया है, प्रार्थी को बाद में ज्ञात हुआ कि उक्त भूमि शासकीय घास जमीन है। प्रार्थी ने बताया कि कुल विक्रय कीमत 2,81,000 प्राप्त कर 21.03.2011 को विक्रय पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय सरायपाली श्री नरसिंह शिक्षा समिति बसना अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद पिता महावीर प्रसाद के नाम पर करवा दिया गया है।

### साहू समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन होगा एक दिसंबर को

**पलारी।** जिला साहू संघ बलौदाबाजार के तत्वावधान में युवक युवती परिचय सम्मेलन 1 दिसंबर को जिला मुख्यालय साहू छात्रावास भवन मे आयोजन किया गया है। योग्य युवक युवती परिचय संबंधी जानकारी जिला बलौदाबाजार साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू व तहसील, परिक्षेत्र और नगर साहू संघ के पदाधिकारियों से भी सम्पर्क किया जा सकता है। जिलाध्यक्ष ने जानकारी दी है कि विधवा, विधुर या विकलांग भी परिचय सम्मेलन मे भाग ले सकते हैं। युवक की उम्र 21 और युवती की उम्र 18 होना आवश्यक है। भाग लेने वाले पंजीयन फार्म में एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाकर स्पष्ट शब्दों में नाम और पता लिखकर सामाजिक अध्यक्ष के पास जमा करा सकते हैं। विधवा, विधुर एवं विधिवत तलाकशुदा भी तय सीमा तक पंजीयन करा सकते हैं।




# रसौटा के हेमलाल बने साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



ग्राम रसौटा निवासी हेमलाल साहू को प्रदेश साहू संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। श्री साहू प्राथमिक शाला कोसमंदा मे 20 सालों से पदस्थ थे। वर्तमान में प्रधानपाठक बसीनपाली कसडोल में पदस्थ हैं। उन्हें संघ का विस्तार करते हुए प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ का उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। उपाध्यक्ष बनने पर साहू ने कहा संघ संगठन ने जो मुझे जवाबदारी दी है उसे निष्ठापूर्वक निभाउंगा। छत्तीसगढ़ के शिक्षक हित मे कार्य करूंगा। उपाध्यक्ष बनने पर प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेशा अध्यक्ष चेतन बघेल, अशोक शर्मा, हरिशंकर जायसवाल, अभिषेक महोबे, देवेंद्र साहू, अजित चंद्राकर, चंद्रशेखर मांडले, छन्नूलाल ध्रुव, राजकुमार साहू, प्रकाश कुमार सेन, सुरेन्द्र बंजारे, घनश्याम वर्मा, नवल किशोर चंद्राकर, थानसेन कुर्रे, अजय रात्रे, कैलाश चौधरी, प्रवीन नेताम, लोचन बांधे, सुनील वर्मा,कमलेश कुमार साहू, आराधना वर्मा,सविता धुरंधर, ईश्वरी साहू, अनुसूईया वर्मा आदि ने हर्ष प्रकट किया है।







